## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग शासी परिषद की बैठक, पीएम ने कहा–केन्द्र और राज्य टीम इंडिया की तरह करें काम तो विकसित भारत का लक्ष्य असंभव नहीं।**
2. **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर, जमशेदपुर में सिंहभूम चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में करेंगे शिरकत, रांची में होगा नागरिक अभिनंदन।**
3. **नई दिल्ली में कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए परामर्शदाताओं और सीईओ के लिये राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन, राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लिया हिस्सा।**
4. **लातेहार में मुठभेड़ में दस लाख रूपये का इनामी समेत दो नक्सली ढ़ेर, एक जवान घायल, रांची में चल रहा इलाज, रक्षा राज्यमंत्री ने कहा–देश जल्द होगा नक्सलवाद से मुक्त।**
5. **केरल में मॉनसून ने आठ दिन पहले दी दस्तक, झारखंड में आठ से दस जून के बीच मॉनसून पहुंचने की संभावना।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए विकसित राज्य दो हजार सैंतालीस विषय पर नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है और हमें भविष्य के लिए शहरों को तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने राज्यों से कम से कम एक वैश्विक स्तर का पर्यटन स्थल विकसित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राज्य एक करें। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र और सभी राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने बैठक के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अनौपचारिक मुलाकात भी की।

********************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर कल रांची आ रहे हैं। रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि लोकसभा अध्यक्ष कल जमशेदपुर में सिंहभूम चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि जमशेदपुर से लौटने पर श्री बिरला का रांची में विभिन्न संगठनों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

********************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई दिल्ली में चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व करने वाले परामर्शदाताओं के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। सम्मेलन में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने भाग लिया। यह सम्मेलन ईसीआई की आईटी पहलों के लिए रोडमैप तैयार करने और उसे मजबूत करने के लिए आयोजित किया गया था।

********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि पहलगाम की आतंकी घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो बिहार की धरती से संकल्प व्यक्त किया था, उसे पूरा किया है। सेठ ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मात्र 23 मिनट में भारतीय सुरक्षा बलों ने आतंकी और उनके ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।

********************

लातेहार और लोहरदगा के सीमावर्ती इचावार जंगल में पुलिस और जेजेएमपी नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई, जिसमें संगठन का सुप्रीमो दस लाख रूपये का इनामी नक्सली पप्पू लोहरा और एक अन्य उग्रवादी ढेर हो गया। इस दौरान एक घायल नक्सली को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया, जिसका इलाज रांची में चल रहा है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने रांची में इलाजरत जवान से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान श्री सेठ ने कहा कि नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है और झारखंड समेत पूरे देश में नक्सलियों को नहीं बख्शा जाएगा।

********************

चाईबासा के एमपी–एमएलए कोर्ट की ओर से जारी वारंट के तहत लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 26 जून को सशरीर अदालत में पेश होना होगा। अदालत ने राहुल गांधी के अधिवक्ता की ओर से दाखिल की गई पेशी से छूट की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया है। यह मामला वर्ष 2018 में राहुल गांधी के दिए गए एक राजनीतिक भाषण से जुड़ा है।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने नई शराब नीति पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में शराब घोटाले में 6 सौ से 7 सौ करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया है। श्री दास ने कहा कि हेमंत सरकार ने मान लिया है कि वर्ष 2018 में बनी शराब नीति सबसे बेहतर थी।

*******************

गढ़वा पुलिस ने पिछले दिनों हुई गोलीबारी मामले में चार अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से देशी पिस्टल, एक लोडेड देशी कट्टा, गोली और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इधर खूंटी पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में मोबाइल चोर गिरोह के सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चार मोबाइल और एक सीपीयू बरामद किया गया है।

*******************

लातेहार जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में सामाजिक एवं भावनात्मक विषय पर आधारित समागम का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर प्रसारण होगा।

*******************

दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून ने आज 8 दिन पहले केरल में दस्तक दे दी है। मानसून सामान्य रूप से एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार यह काफी पहले ही यहाँ पहुँच गया है और अब इसके आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड में आठ से दस जून के बीच मॉनसून दस्तक दे सकता है। वहीं आगामी तीस मई तक राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। इस अवधि में आँधी और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

******समाप्त*******